तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025



12 धनेली के दो बेटे बने अग्निवीर, गांव में ढोल-नगाड़ों …



11 महतारी वंदन योजना से महिलाओं में मिला …



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई

**बालोद।** चौक में बैठकर आग ताप रहे युवको में से एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर आग ताप रहे अन्य युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सोरर निवासी तुलसी पटेल ने पुलिस को बताया कि 08 दिसंबर को करीब रात्रि 08:30 बजे खाना खाकर पास में कलामंच में अपने दोस्तो से मिलने के लिये गया था, वहां पर आग जलाकर दोस्तो के साथ आग ताप रहे थे, तभी वहां पर पुष्पेन्द्र देशलहरे आकर मुझे पुरानी बातों को लेकर गाली गलौच कर धमकी देकर पास में रखे डंडा से सिर के पीछे मारा है, जिससे सिर से खून निकल रहा है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बालोद।** भिलाई जा रहे बाईक सवार युवको को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। एक घायल युवक के पिता ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिकोसा निवासी श्रवण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 29 नवंबर को मेरा लडका चंदन कुमार विश्वकर्मा 30 वर्ष ग्राम कोडेवा के कृष्णा कुमार साहू के साथ मोटर साइकिल सीजी 24 एम 6559 से निजी काम भिलाई जा रहे थे, दोपहर करीबन 03.30 बजे ग्राम खुंटेरी पुलिया के पास पहुंचे थे उसी समय गुण्डरदेही की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 09 जेएच 1354 ने मोटर साइकिल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट से मेरा लडका चंदन कुमार दाहिने पैर के घुटना, दाहिने हाथ की उंगली में तथा पीछे बैठे कृष्णा कुमार साहू के दाहिना पैर एवं सीने के पास चोंट लगा है।

### नाला में मिला शव पुलिस जांच में जुटी

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के अंतर्गत चौकी पिनकापार क्षेत्र में



सोमवार दोपहर एक घटना सामने आई, ग्राम पिनकापार स्थित शराब भट्टी के सामने नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही चौकी पिनकापार पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी अजीत महोबिया ने बताया कि ग्राम पिनकापार के निवासी अंग्रेज प्रजापति ने ग्राम सरपंच तारण रजक के साथ चौकी पहुंचकर मौखिक सूचना दी कि लगभग दोपहर 12 बजे उन्हें नाले में एक व्यक्ति के मृत अवस्था में पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर उन्होंने स्थल पर जाकर देखा कि करीब 35–40 वर्ष आयु का एक अज्ञात पुरुष नाले के पानी में डूबा हुआ ▸▸ शेष पेज 11 पर

# बसंती बाई का संकल्प हुआ पूरा, मरणोपरांत नेत्रदान से दो को मिलेगी नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुर

मानवता और परोपकार का एक उल्लेखनीय उदाहरण उस समय सामने आया जब स्वगऍय बसंती बाई, पति छबील साहू निवासी दुपचेरा गुरूर द्वारा जीवनकाल में भरा गया मरणोपरांत नेत्रदान घोषणा पत्र उनके परिवारजनों ने संकल्पपूर्वक पूरा किया। स्व. बसंती बाई के निधन के बाद उनके परिजनों ने बिना किसी विलंब के जिला नेत्रदान अधिकारी को जानकारी प्रदान की, ताकि उनका पवित्र संकल्प समय पर पूरा किया जा सके। परिवार की इस संवेदनशील पहल के बाद शाम 6 बजे जिला नेत्र टीम द्वारा नेत्र एकत्रित किए गए और सुरक्षित रूप से एम्स रायपुर नेत्र बैंक प्रेषित किए गए। नेत्रदान की जानकारी उपलब्ध कराने में कबीर आश्रम के साहेबजी देवेंद्र साहेब का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने परिवार को समय पर मार्गदर्शन देकर पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में अहम भूमिका निभाई। साथ ही दुपचेरा आश्रम के संत साहेब एवं आश्रम सदस्यों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा, जिन्होंने परिवार को मानसिक रूप से सशक्त किया और नेत्रदान की प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दिया।

■ आश्रम व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पूर्ण हुई प्रक्रिया

### समय पर सूचना और पहल से सफल हुआ नेत्रदान, स्वास्थ्य विभाग ने जताया आभार



#### आभार जताया

मरणोपरांत नेत्रदान की यह प्रक्रिया जिला स्वास्थ्य विभाग के कुशल एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा पूरी की गई। टीम में शामिल नोडल अधिकारी व नेत्र सहायक अधिकारी बालोद अनिल कुमार सिन्हा, एमओ गुरूर डॉ. ठाकुर, नेत्र सहायक अधिकारी ओएओ डिगेश देवदास, श्यामसुंदर देवांगन, कुशल साहू, वाहन चालक मुकेश यादव सभी सदस्यों ने नेत्रों को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया। पूरी प्रक्रिया माननीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल.उइके व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती गुरुर के निर्देशन में संपन्न कराई गई। स्व. बसंती बाई द्वारा किया गया यह पुण्य कार्य दो व्यक्तियों को नई रोशनी प्रदान करेगा। जिला स्वास्थ्य विभाग उनके परिवारजनों, आश्रम प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं एवं नेत्र टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

### अपराध : साइबर सेल की जांच में हुआ खुलासा

# टारगेट पूरा करने के लिए 142 फर्जी सिम जारी करने वाला एजेंट को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कंपनी द्वारा दिये टारगेट को पुरा करने के लिए फर्जी तरीके से सीम जारी करने के आरोपी पीओएस ईश्वर गजेन्द्र को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कंपनी द्वारा दिये टारगेट को पुरा करने के लिए आरोपी द्वारा 142 फर्जी सीम धारको का बायोमैट्रिक आधार एप्लीकेशन से पहचान लेकर धोखाधड़ी से उपयोग कर अतिरिक्त सीम जारी कर उस सीम को तोडा था।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में वोडाफोन आईडिया कंपनी की 142 सीम फर्जी तरीके से पीओएस नेम से जारी करने की जांच सायबर सेल बालोद द्वारा करने पर कंपनी की कुल 142 सीम नम्बर के धारको से पूछताछ पर थाना बालोद क्षेत्र में 01 जुलाई 2024 से 30 अगस्त 2024 तक वोडाफोन आईडिया कंपनी की सीम विक्रेता द्वारा सीम धारको के जानकारी के बगैर धारको का बायोमैट्रिक डिजिटल आधार एप्लीकेशन से पहचान का बेईमानी पूर्वक उपयोग कर सीम जारी कर धोखाधड़ी करने की लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। मामले मे धारा–318(4) बीएनएस, 42(3)(ई) दूरसंचार अधिनियम 2023 दर्ज किया गया। वोडाफोन आईडिया कंपनी की सीम विक्रेता से पुछताछ करने पर कंपनी द्वारा सीम बेचने के लिए दिये टारगेट को पुरा करने के लिए आरोपी अपने अन्य साथी के साथ सीम बेचते एवं दूसरे कंपनी की सीम को पोर्ट करते समय लापू सीम नम्बर में आधार फेस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से जियो कंपनी की सीम बेचते समय ग्राहको का आधार फेस आईडी को वोडाफोन आईडिया कंपनी की सीम में भी उपयोग कर ग्राहको के नाम पर सीम जारी कर लेते थे, जिसकी जानकारी ग्राहकों को नही होता था।

ग्राहको के नाम पर जारी हुए वोडाफोन आईडिया कंपनी की अतिरिक्त सीम को तत्काल एक बार सीम चालू करने के लिए काल करने के बाद तोड़ देते थे। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने पर आरोपी को न्यायिक रिमांड प्राप्त होने से जिला जेल बालोद में निरूध्द किया गया है।

### ग्राहकों के नाम पर अतिरिक्त वोडाफोन-आइडिया सिम जारी हो जाती थी, जिसकी जानकारी ग्राहकों को नहीं होती थी



## किसान अपने खाते में बेच रहा था दूसरे का धान राजस्व विभाग ने कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रेंगाडबरी के धान खरीदी केंद्र में सोमवार को एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया।

धान बेचने पहुंचे एक किसान द्वारा दूसरे व्यक्ति का धान अपने खाते में बेचने की कोशिश किए जाने पर राजस्व विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार किसान तुकाराम द्वारा केंद्र में कुल 170 कट्टा धान विक्रय हेतु लाया गया था। जांच के दौरान 23 कट्टा धान में अलग-अलग किस्म का मिश्रित धान पाए जाने पर संदेह गहराया। पूछताछ में तुकाराम ने बताया कि 147 कट्टा उसका स्वयं का है, जबकि शेष 23 कट्टा जागेश्वर साहू, रेंगाडबरी का धान है, जिसे वह अपने नाम से बेचने आया था। धान को परिवहन करने के लिए माजदा वाहन क्र. सीजी 07सीए 3046 का उपयोग किया गया था। वाहन में भी 20 कट्टा धान रखा हुआ मिला, जिसे किसान द्वारा वापस ले ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ 170 कट्टों में 23 कट्टा संदिग्ध धान मिला, निगरानी समिति ने लौटाया पूरा माल

### टेक्नोफेस्ट 2.0 में छात्रों के नवाचारों का होगा प्रदर्शन, विज्ञान और तकनीकी सोच को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी के मागदर्शन में जिला प्रशासन बालोद और शिक्षा विभाग के तत्वाधान में बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 का आयोजन 16 एवं 17 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय आमापारा बालोद में किया जाएगा।

बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 आयोजन का उद्देश्य छात्र–छात्रओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना है। जिससे जिले में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सृजनात्मकता को नया आयाम मिलेगा। उल्लेखीनय है कि बालोद टेक्नोफेस्ट 2.0 के लिए जिले से कुल 1589 आइडियाज प्राप्त हुए है। जिसके अंतर्गत छात्रें के विचारों को तीन समूहों में वगीकृत किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं के 853, कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 353 तथा कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 383 आइडियाज प्राप्त हुए।

तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण उपरांत कक्षा 6वीं से 8वीं से 75 मॉडल, 9वीं एवं 10वीं से 100 मॉडल तथा 11वीं एवं 12वीं से 75 मॉडल टेक्नोफेस्ट 2.0 में प्रदर्शन हेतु चयनित किए गए हैं। इस टेक्नोफेस्ट में यूनिसेफ, सीएसआईटी, सीएसवीटीयू, आईआईटी, पीआईजैम फाउंडेशन, तथा आरंभ एजुटेक टेक्निकल पार्टनर के रूप में जुड़े हैं, जो विद्यार्थियों के नवाचारों के चयन, मार्गदर्शन एवं तकनीकी परामर्श में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने आशा व्यक्त की है कि यह टेक्नोफेस्ट विद्यार्थियों में विज्ञान, अनुसंधान एवं तकनीकी सोच विकसित कर उन्हें भविष्य के नवाचारों के लिए प्रेरित करेगा।

### पहलः अब क्यू आर कोड स्कैन करते ही मिलेगी पी एम आवास योजना ग्रामीण की पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड के माध्यम से वर्ष 2016 से 2026 तक स्वीकृत सभी आवासों की जानकारी हेतु ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड का चस्पा किया जा रहा है। जिसके माध्यम से ग्रामीणो के द्वारा अपने मोबाईल में क्यूआर कोड को स्केन कर सरलतापूर्वक जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इसके साथ ही जिले के पंचायत भवनों में क्यूआर कोड का औपचारिक रूप से प्रदर्शन कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी भी प्रदान की जा रही है।





उल्लेखनीय है इस व्यवस्था का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराना है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही लाभाथऍयों के नाम, स्वीकृत आवासों की सूची तथा योजना से संबंधित विवरण तुरंत दिखाई देगी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पहले सूची देखने के लिए पंचायत कार्यालय में बार–बार आना पड़ता था, लेकिन अब मोबाईल से ही पूरी जानकारी मिल जाएगी। इससे समय की बचत होगी और योजनाओं से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण के लिए किया प्रोत्साहित

# जिपं सीईओ ने रनचिरई में लगाई आवास चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी द्वारा जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत रनचिरई में प्रातःकालीन आवास चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान सीइओ चंद्रवंशी ने आवास चौपाल के माध्यम से नवीन स्वीकृत आवास लाभार्थियों के अप्रारंभ आवासों को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। साथ ही लाभार्थियों को उक्त निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम, सोखता गड्ढा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित भी किया। आवास चौपाल में योजनान्तर्गत लाभार्थियो से चर्चा कर आवास निर्माण से संबंधित समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अमलों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, एपीओ मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





**खबर संक्षेप**



## अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन का सम्मान

**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन को सरायपाली में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंतर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मानित किया गया। फुलझर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान मिला।उल्लेखनीय है कि तितुरडीह दुर्ग निवासी नशकर टंडन को शहीद विनोद चौबे अवार्ड मिल चुका है। वे भारतीय टीम के प्रशिक्षक भी हैं और जिले में पावर लिफ्टिंग के महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभाते हैं। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उनके लगातार प्रदर्शन ने छत्तीसगढ़ को कई बार गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में सरायपाली बसना की विधायक चतुरा नंद और फुलझर सेवा समिति की संचालक विद्या सतपथी ने उन्हें गमछा, श्रीफल, गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।नशकर टंडन ने कहा कि यह सम्मान उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है। उनके समर्थकों और खिलाड़ियों में भी खुशी की लहर है।

## एआईडीवाईओ ने की भर्ती की मांग

**दुर्ग।** एआईडीवाईओ छत्तीसगढ़ राज्य संगठन समिति ने अखिल भारतीय मांग दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, रायपुर को प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनकी मांगों में राज्य में 2.5 लाख से अधिक सरकारी खाली पदों को अविलंब भरा जाए व नए रोजगार का सृजन किया जाए। जब तक रोजगार नहीं मिलता जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। काम के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। सभी प्रतियोगी परीक्षा में पूरी तरह से पारदर्शिता हो। पेपर लीक के मामले पर दोषियों को सजा दिया गया। सरकारी कार्यों का निजीकरण व ठेकाकरण बंद किया जाय एवं सभी सरकारी कंपनियों का निजीकरण बंद किया जाए। भ्रष्टाचार पर रोक अविलंब लगाई जाए। भ्रष्टाचारियों को कड़े से कड़ा व उदाहरण मूलक सजा दिया जाए। ज्ञात हो कि आज युवा बेरोज़गारी का सामना कर रहे हैं। पूरा समाज इस समस्या से प्रभावित है और यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। सरकार बेरोज़गारी के संकट को हल करने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं, बल्कि ऐसे कॉर्पोरेट-समर्थक उपाय लागू कर रहे हैं जो रोज़गार की स्थिति को और भी खराब कर रहे हैं। छत्तीसगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, और बिहार में भी हजारों युवा रोज़गार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# बैगन की खेती कर 48 लाख की आमदनी ले रहा किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में बड़ी संख्या में कृषकों का रूझान उद्यानिकी फसलों की खेती की ओर बढ़ी है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कृषक उद्यानिकी फसलों की पैदावारी लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पॉम योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के विरुद्ध 95.04 हेक्टेयर में 47 कृषकों के प्रक्षेत्र पौधरोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। विगत वर्ष 74.61 हेक्टेयर में 37 कृषकों के प्रक्षेत्र में विभाग द्वारा ऑयल पॉम पौधरोपण किया गया। जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी के कृषक श्री योगेश साहू विभागीय अनुदान से आठ एकड़ रकबा में ऑयल पॉम पौधरोपण की खेती कर प्रत्येक डेढ़ से दो माह में फसलों की कटाई कर ऑयल पॉम एफ.एफ.बी. का उत्पादन कर, प्रत्येक कटाई सीजन में डेढ़ से दो लाख की आय अर्जित करने में सफलता हासिल की है। जिससे प्रभावित होकर जिले के अन्य किसान भी ऑयल पॉम पौधरोपण की ओर आगे आने लगे हैं।

## ऑयल पॉम की ओर बढ़ा किसानों का रुझान, फूलों की भी की जा रही है खेती

### पपीता और ड्रेगन फ्रूट की लगातार बढ़ रही डिमांड

एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत 152 हेक्टेयर रकबा में केला, पपीता एवं ड्रैगन फ्रूट फसल क्षेत्र विस्तार कर 99 कृषक लाभान्वित हो रहे हैं। इसी प्रकार 64 हेक्टेयर रकबा में टमाटर, बैंगन एवं प्याज सब्जी विस्तार कर 58 कृषक लाभान्वित हुए हैं। जिले के 71 कृषक 50 हेक्टेयर रकबा में पुष्प क्षेत्र विस्तार अंतर्गत गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी पैदावारी ले रहे हैं। जिले के ग्राम मलपुरीकला क्षेत्र अंतर्गत कृषक श्री अरूण कुमार दो हेक्टेयर रकबा में गैंदा पुष्प की खेती कर अच्छी आमदनी अर्जित करने में सफलता पायी है। योजना अंतर्गत कृषक को 20 हजार रूपए की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई है।



### नींबू, अमरूद, कटहल, आम और आंवला की भी हो रही खेती

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत चयनित 46 कृषक अनुदान प्राप्त कर ग्राफ्टेड बैंगन एवं टमाटर की पैदावारी लेकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इन्हीं में ग्राम टेमरी के कृषक श्री हितेश टॉक भी है, जिन्होंने उद्यानिकी विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त कर 09 एकड़ रकबा में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से प्रति एकड़ 40 टन उत्पादन प्राप्त कर 48 लाख तक की आमदनी अर्जित की। उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राज्य पोषिक समैतिक योजना के तहत किसान अपनी खाली जमीनों में नींबू, अमरूद, कटहल, आम, ऑवला आदि फलदार पौधे की रोपण कर रहे हैं।

**समस्या :** सार्वजनिक शौचालय का ताला खोलने पार्षद को शुभ मुहूर्त का इंतजार

# कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी में सड़कें खस्ताहाल सामुदायिक शौचालयों में लटका है ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई


वार्ड परिक्रमा

हरिभूमि की टीम ने वार्ड परिक्रमा के दौरान कई वार्डों का दौरा किया। इनमें से वार्ड 18 कांट्रेक्टर कॉलोनी में सबसे जयादा अव्यवस्था देखने को मिली। कहीं सार्वजनिक शौचालय में पानी नहीं हो तो किसी शौचालय को ताला लगा दिया गया है। इस वार्ड की लगभग सभी नालियां साफ सफाई के अभाव में बजबजा रहा है। सड़के भी जर्जर स्थिति में है।कांट्रेक्टर कॉलोनी में 90 फीसदी नाली साफ सफाई के अभाव में गंदगी से पटा पड़ा है। डॉ. जोशी लाइन के पीछे, आर्य समाज मंदिर के पास सहित कई इलाकों में लंबे समय से नालियों की सफाई नहीं हुई है। वहीं कई जगहों पर नालियों के गलत निर्मण के कारण पानी आगे नहीं बड़ रहा। झांडा बोरिंग चौक में नाली का गंदा पानी हैंडपंप तक पहुंच जाता है। वार्ड के लोगों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद कार्यालय के पास स्थित शौचालय में पानी तक नहीं है। नलों में पानी नहीं आता। इस शौचालय में विंकलांग व वृद्धजनों के लिए बने कमोड टूटा पड़ा है। वहीं सड़क 26 में करीब 8 महिने पहले निर्मित सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है। लोगों का कहना है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कई बार ताला खोलने के लिए बोला गया है लेकिन पार्षद शुभ मुहूर्त के इंतजार में हैं।

## नालियों की नहीं हो रही सफाई, वार्डवासी हैं परेशान







### नालियों की सफाई नहीं, अब बीमारी फैलने का खतरा



डॉ. जोशी गली के पीछे रहने वाले प्रवीण अहिरवार ने बताया कि पूरे वार्ड की नालियां महीनों से साफ नहीं हुईं। स्थिति यह है कि गंदगी इतनी भर चुकी है कि नाली का पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। यह कोई एक–दो जगह की बात नहीं है। ज्यादातर नालियां भर चुकी हैं। मिट्टी, रेत और गंदगी से लेकर प्लास्टिक और घरेलू कचरे तक सब कुछ जमा पड़ा है। बरसात तो दूर, सामान्य दिनों में भी रास्ते बदबू से भरे रहते हैं। लोग घरों से निकलते हैं तो सबसे पहले यही गंदगी से उनका सामना होता है। प्रवीण अहिरवार बताते हैं कि सफाई की मांग कई बार उठाई गई। लोग पार्षद से शिकायत करते रहे, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। कई जगह नालियां गलत ढंग से बनी हैं। ढलान ठीक नहीं है। पानी आगे बढ़ ही नहीं पाता। नतीजा यही होता है कि नाली का पानी सड़क पर फैलता है और पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। बीमारी फैलने का डर भी बढ़ रहा है। बच्चे गंदे पानी में कदम रखकर स्कूल जाते हैं। प्रवीण अहिरवार ने नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई है कि वे खुद इस क्षेत्र का निरीक्षण करें और एक बार मौके पर हालात देख लिए जाएं, तो समझ आएगा कि वार्ड के लोग किस मुश्किल में जी रहे हैं।

### आठ महीने से बंद सार्वजनिक शौचालय, लोगों की बढ़ी परेशानी





कांट्रेक्टर कॉलोनी सड़क 26 निवासी राजेश निर्मलकर और विनोद ने बताया कि शौचालय का निर्माण तो काफी समय पहले पूरा हो गया था, लेकिन उसी दिन से ताला लगा है। इलाके के लोग पार्षद से कई बार ताला खुलवाने की गुहार लगा चुके हैं, पर आज तक शौचालय इस्तेमाल लायक नहीं हुआ। यह इलाका स्लम जरूरतों वाला है और सार्वजनिक शौचालय यहां किसी सुविधा से ज्यादा आवश्यकता है। इसके बावजूद महीनों से ताला लटकने की वजह से लोगों को रोज परेशानी झेलनी पड़ रही है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। राजेश निर्मलकर और अन्य रहवासियों ने नगर निगम से शौचालय को तुरंत खोलने की मांग की है।

### सड़कों पर गड्ढे पुलिया ऊंची और जनप्रतिनिधि गायब



कांट्रेक्टर कॉलोनी में सिर्फ नालियां और शौचालय ही समस्या नहीं हैं। सड़कें भी इस वार्ड की बड़ी तकलीफ बन चुकी हैं। हरकराम साहू ने बताया कि कई जगह हालात इतने खराब हैं कि कार निकालना भी जोखिम जैसा लगता है। पुलिया की ऊंचाई इतनी ज्यादा कर दी गई है कि चारपहिया नीचे से रगड़ खा जाती है। रोज आने-जाने वाले लोग इसी डर में रहते हैं कि कहीं गाड़ी का नुकसान न हो जाए। साईं नेत्रालय से स्पर्श अस्पताल तक का सड़क सालों से टूटा पड़ा है। सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोग बार-बार जनप्रतिनिधि को बता चुके हैं, लेकिन जवाब यही मिलता है कि काम जल्दी होगा। लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि पार्षद फोन तक नहीं उठाते। वार्डवासी कहते हैं कि समस्या बताने के लिए कॉल करो तो घंटी बजती रहती है, लेकिन दूसरी तरफ से कोई सुनने वाला नहीं है। इस वजह से निराशा और नाराजगी दोनों बढ़ रही हैं।

## दुर्ग आयुक्त ने वार्ड सफाई व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ वार्ड क्रमांक 26, 27 और 28 का भ्रमण कर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था, सड़क की स्थिति और अव्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सबसे पहले वार्डों में सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे फैली झाड़ियां और अनावश्यक हरियाली आवागमन में बाधा उत्पन्न करती है, इसलिए इन्हें तत्काल काटकर हटाया जाए। उन्होंने सड़क क्षेत्र में मौजूद अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जे एवं वस्तुओं की अव्यवस्थित ढेरियों के कारण यातायात प्रभावित होता है, इसलिए इसे तत्काल साफ कर सुव्यवस्थित किया जाए।

साथ ही सड़क और नालियों में जमा वेस्ट मटेरियल को शीघ्र हटाने, तथा नालियों व सड़कों की निरंतर सफाई का पालन सुनिश्चित करने कहा। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई और जल निकासी व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ग्रामीण विकास योजना के लिए 10.40 लाख रुपए स्वीकृत

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 10.40 लाख रूपए की अनुशंसा प्राप्त हुई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग दुर्ग द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यो की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड दुर्ग के ग्राम कातरो में संघेल परिवार के घर से डोमार साहू के घर की ओर 2 तथा नया बाजार चौक में 2 सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मध्यस्थता से जमीन विवाद का प्री लिटिगेशन प्रकरण निपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला न्यायालय परिसर दुर्ग स्थित मध्यस्थता केन्द्र में भूमि संबंधी विवाद से जुड़े एक प्री-लिटिगेशन प्रकरण को मात्र 24 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक निराकृत किया गया है।

दोनों पक्षकारों के मध्य लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद को राजीनामा समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया गया। इस सफल मध्यस्थता प्रक्रिया में दोनों




पक्षों ने सहयोग व सहमति व्यक्त करते हुए न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने की आवश्यकता समाप्त कर दी, जिससे न केवल समय और धन की बचत हुई, बल्कि उभय पक्ष के मध्य संबंधों में भी सौहार्द बना रहा। इस उपलब्धि का श्रेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थ तथा समस्त मध्यस्थता टीम के समन्वित प्रयासों को जाता है, जिनके मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयास से यह प्रकरण शीघ्रता से समाधान तक पहुंच सका। प्राधिकरण द्वारा यह सतत प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक प्रकरण मध्यस्थता के माध्यम से समयबद्ध एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से निराकृत किए जाएँ, ताकि आम नागरिकों को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सके।

## विंध्यवासिनी महिला समिति के सदस्यों ने आचार्य हरीश का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- दिल्ली में भी होगा सम्मान

भारतीय दलित साहित्य अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय 41वां राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन पंचशील आश्रम झड़ौदा गांव निरंकारी समागम ग्राउंड के सामने आउटर रिंगरोड झड़ौदा माजरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली में 12 एवं 13 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। देश के सभी राज्यों की सभी भाषाओं के दलितोत्थान में जुटे समाजसेवी साहित्यकार, पत्रकार, लेखक, संपादक आदि भाग लेंगे। पाटन उरला से आचार्य हरीश का योग्यता के आधार पर डॉ. अम्बेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड दिल्ली 2025 के लिए चयनित किया गया है। साथ ही अभिषेक टंडन, भगवती साहू का भी सम्मान होना है। आचार्य हरीश को नगर गनियारी के जय मां विंध्यवासिनी महिला समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष डॉक्टर निर्मला भारती, लता मांडवी, लक्ष्मी ठाकुर, प्रेमलाल साहू, रामकुमार साहू, सोहन लाल साहू, अमर साहू, नर्मदा धीवर, सुमन देसलहरे, अनीस देसलहरे विशेष रूप से मौजूद थे।



**नगपुरा में 17 दिसंबर से पं. प्रदीप मिश्रा की होगी कथा**

# विधायक ने लिया शिवमहापुराण कथा तैयारी का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पं. प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा की तैयारियों को लेकर नगपुरा रेस्ट हाउस में अहम बैठक हुई।

- आयोजन समिति व अधिकारियों के साथ बैठक

बैठक में विधायक ललित चंद्राकर ने आयोजन समिति और अधिकारियों के साथ हर व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की।

विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि भीड़ ज्यादा होगी। इससे जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कथा स्थल पर कोई कमी नहीं दिखनी चाहिए। बिजली हो या पानी, स्वास्थ्य हो या ट्रैफिक हर विभाग को अपना काम पहले से तय कर दिया गया है। विधायक ने गांवों से बनाए गए वालिंटियरों को भी अलग अलग जिम्मेदारियां देने को कहा, ताकि भीड़ संभालना आसान रहे। उन्होंने बताया कि ठंड में लोग अक्सर आग तापते हैं, लेकिन कथा स्थल पर यह बड़ा खतरा बन सकता है। इसलिए आग का इस्तेमाल पूरी तरह रोकने और सुरक्षित विकल्प रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में साफसफाई, पार्किंग, लाइटिंग, एम्बुलेंस और डॉक्टरी सुविधा को प्राथमिकता में रखा गया जिससे कथा के दौरान किसी भी व्यक्ति को परेशानी न हो। बैठक में कथा के मुख्य यजमान जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा और जितेंद्र यादव, जिला मंत्री गिरेश साहू, एसडीएम हरवंश मिरी, सीएसपी विंध्यराज, पुलगांव थाना प्रभारी अमित अदानी, एएसआई राजकुमार देशमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, मंडल अध्यक्ष हेमन्त सिन्हा और कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी सरपंच भी शामिल हुए।





## गंजपारा कब्रिस्तान के पास मेन पाइप लाइन लीकेज सुधार का महापौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत गंजपारा कब्रिस्तान के पास स्थित प्रमुख पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन में हुए बड़े लिकेज की सूचना पर

- गुरुवार से जल आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद

महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य शिव नायक, पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता, पार्षद प्रतिभा पाटिल, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, विनोद मांझी, जल निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों कोनिर्देश दिए कि मुख्य पाइप लाइन से हो रहा लीकेज से फिल्टर प्लांट तक रॉ-वॉटर की आवश्यक मात्रा पहुंचने में बाधा उत्पन्न कर रहा है, जिससे शहर की जलप्रदाय व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने तेजी से सुधार कार्य पूर्ण करने पर जोर देते हुए कहा कि जल आपूर्ति में अनावश्यक विलंब नागरिकों के लिए असुविधाजनक है, इसलिए लीकेज को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत दुरुस्त किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि टीम मौके पर लगातार कार्यरत है और देर शाम तक पूरी मरम्मत प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि गुरुवार सुबह से जल प्रदाय व्यवस्था सामान्य होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

## किसानों के रकबा घटाने व टोकन समस्या को लेकर आज आप का धरना-प्रदर्शन



**गुण्डरदेही।** प्रदेश में किसानों के रकबा कम किए जाने और वर्तमान मे टोकन नहीं कटने सहित अन्य समस्यायों के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा आज 12 दिसंबर शुक्रवार को अर्जुन्दा में भाजपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के छाया विधायक जसवंत सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में गिरदावरी में किसानों का सरकार द्वारा रकबा कम कर दिया गया है, साथ ही वर्तमान में धान बेचने के लिए किसानों का टोकन सही तरीके से नहीं कट पा रहा है, उनको लंबी लाइन लगाकर कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। जसवंत सिन्हा ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है, जिस अन्नदाता के बदौलत भाजपा सत्ता मे आई है, आज वही सरकार किसानों को भुगता रही है, यह सरकार पुरी तरह से फैल हो चुकी है। सिन्हा ने क्षेत्र के सभी किसानों से सरकार के खिलाफ धरना–प्रदर्शन मे शामिल होने अपील की है।

## पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह14 को

**बालोद।** जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन नगर पंचायत अर्जुन्दा में पीएम. श्री आदर्श भारती विद्यालय अर्जुन्दा में 14 दिसंबर को 11 बजे रखा जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा प्रणेश जैन होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष छग. पैशनर समाज बालोद जीके. साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रांताध्यक्ष छग. पेंशनर समाज रायपुर चेतन भारती एवं अध्यक्ष छग पेंशनर समाज गुण्डरदेही तहसील दिल्लीवार आजीवन होंगें। वर्ष 2025 में 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनरों का विशेष रूम से सम्मान किया जायेगा। पूरे बालोद जिले के पेंशनरों को अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। यह सूचना सचिव सीएल देवांगन एवं कोषाध्यक्षा व्हीएस. मरकाम ने दी।

## जिम में लगी आग

**भिलाई।** जिम में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। घटना बुधवार की सुबह 6 बजे की है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची औऐक मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक मोहन नगर थाना क्षेत्र में स्थित मनीष देवांगन के फिटनेस सेंटर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग तीसरी मंजिल में लगी थी, जहां से सुबह धुआं निकल रहा था। पूरे इमारत में धुंआ फैल गया था। आगजनी की इस घटना में जिम में रखे लाखों रुपए के सामान जलकर राख हो गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के कारणों की जानकारी जुटा रही है। दमकल कर्मी तीसरी मंजिल तक सीढ़ियां लगाकर पहुंचे व जिम में प्रवेश किया। चारों तरफ से पानी की तेज बौछार की गई। दो दमकल के पानी का उपयोग कर आग को पूरी तरह बुझाया गया। आग ऊपरी तल पर होने से टीम को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्थल पर मौजूद दल प्रभारी धनु यादव और भगवती पंजारे के नेतृत्व में टीम ने आग पर काबू पाया।

### योजना : बालोद जिले की 2.47 लाख महिलाओं को मिला 22.80 करोड़ का लाभ

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं में मिला आर्थिक संबल, बढ़ी आत्मनिर्भरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाकर उन्हें सुरक्षा एवं सम्मान दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ राज्य सहित बालोद जिले के महिलाओं के लिए भी अनेक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं कारगर साबित हो रहा है। इस योजना के माध्यम से लाभाथएँ महिलाओं के खाते में प्रतिमाह 1 हजार रूपये की राशि अंतरित होने से महिलाओं में आत्मविश्वास एवं सुखद भविष्य की नई आश जगी है।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के कुल 02 लाख 47 हजार 143 लाभार्थी महिलाओं के खाते में अब तक कुल 22 करोड़ 80 लाख 65 हजार 200 रूपये की राशि जारी अंतरित की जा चूकी है। प्रतिमाह महीने के अंतिम तारीख को लाभार्थी महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि अंतरित हो जाने से आज यह योजना राज्य के लाखों मातृ शक्तियों के लिए आर्थिक संबलता का आधार बन गया है। ज्ञातव्य हो कि हमारा समाज पुरूष प्रधान होने के कारण आज भी मेहनतकश महिलाओं को आवश्यक कार्यों तथा अपनी आर्थिक जरूरतों के लिए पैसे की प्रबंध करने के लिए अपने घर एवं परिवार के पुरूषों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। इस समस्या एवं पीड़ा का सर्वाधिक सामना समाज के खेतिहर मजदूर तथा मेहनत, मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले महिलाओं को सर्वाधिक करना पड़ता है। लेकिन आज राज्य सरकार के संवेदनशील सोच के फलस्वरूप राज्य में लागू की गई महतारी वंदन योजना के फलस्वरूप राज्य में इस मिथक को तोड़ने में कामयाबी मिली है। इस योजना के राज्य में सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप अब महिलाओं को अपने जरूरी कार्यों एवं आर्थिक जरूरतों के लिए पुरूषों का मुंह नही ताकना पड़ता। प्रतिमाह महीने के अंत में महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो जाने से राज्य की महिलाएं अब अपने इलाज एवं दवाइयों आदि की व्यवस्था के अलावा अन्य सभी छोटी–मोटी जरूरतों की पूर्ति स्वयं कर पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में महतारी वंदन योजना मार्च 2024 से प्रारंभ की गई है। इस योजना से जिले के लाभान्वित हितग्राहियों के खाते में अब तक कुल 21वें किश्त की राशि अंतरित की जा चूकी है। इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से अधिक की आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को इस योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना से लाभान्वित महिला हितग्राहियों के खाते में प्रतिमाह डीबीआई के माध्यम से राशि अंतरित की जाती है। इस तरह से यह योजना संपूर्ण परिवार के भरण–पोषण एवं उनके देखभाल की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाने वाली महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाकर उनके सम्मान एवं गौरव को प्रतिस्थापित करने वाली अत्यंत लोकहितैषी, दूरगामी तथा बहुपयोगी योजना साबित हो रहा है।

# शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय ने मालीघोरी का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख के नेतृत्व में शिवसेना का एक प्रतिनिधी मंडल जिले के मालीघोरी ग्राम में राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन स्थल पहुंचकर उक्त कार्यक्रम हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान ललित रावत, जयप्रकाश चंद्राकर, बलराम साहू, हेमंत शर्मा, हितेश पटेल एवं जंबूरी की तैयारियों में लगे शिक्षक धनेश्वरी सोनवानी, हीरमन चोरके, रोहित देशमुख, केवल नूरेटी मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय पारख ने कहा कि हमारे जिले में राष्ट्रीय स्तर का यह भव्य आयोजन देश के प्रत्येक नागरिकों, छात्र छात्रओं, युवाओं महिलाओं को खेल, जीवन निर्माण, राष्ट्र सेवा सुरक्षा की ओर आकर्षित करेगा।

## कॉपर वायर चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** बीबीबी इंफ्रा प्रायवेट लिमिटेड रसमड़ा से कॉपर वायर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपी युवक कंपनी के निर्माण सामान एशियन केबल कापर केईसी के बंडल को नेवई बस्ती निवासी लोमन धनकर , नारायण ढीमर को गिरफ्तार किया है। 100 मीटर तार 6 लाख 1 नवम्बर को चोरी किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही सात आरोपी को पकड़ चुकी है। आरोपियों से माल की रिकवरी कर जेल भेजा है। मामले में तीन आरोपी फरार थे। उक्त फरार आरोपी का इनपुट मिलने पर ठिकानों दबिश देकर फरार को पकड़ा गया। आरोपी के पास से कटर जब्त कर न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# शिवसेना जिला संगठन की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शिवसेना छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार बालोद में शिवसेना जिला संगठन की बैठक ली गई। जिसमें शिवसेना के प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े एवं दुर्ग संभाग के प्रभारी पदाधिकारीगण प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश ठावरे, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवराम केसरवानी, प्रदेश किसान सेना अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव कमलाकर यादव, प्रदेश सचिव कमल सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कामगार सेना डॉ संजीव कुमार, प्रदेश शिवसेना नेता मनीष तिवारी द्वारा जिले की संगठनात्मक बैठक लेकर प्रदेश द्वारा जारी समस्त कार्यक्रमों, अभियान, जनहित आंदोलन, संगठन विस्तार की गहन समीक्षा की गई। बैठक में बालोद जिलाध्यक्ष विजय पारख ने स्वागत भाषण करते हुए जिले में प्रदेश संगठन द्वारा जारी किए गए कार्यों, विभिन्न आयामों के सफल क्रियान्वयन का उल्लेख किया। वहीं जिले मे उपस्थिति समस्त शिवसैनिकों ने आगामी 23 जनवरी तक दो हजार एवं जुलाई 2026 तक पांच हजार नए शिवसैनिक कार्यकर्ता सदस्य बनाने का संकल्प लिया।

सभी पदाधिकारियों ने बारी बारी से संगठन के विस्तार, दंतेवाड़ा से रायपुर चार दिवसीय हिंदू राष्ट्र मोर्चा की सफलता पर, गौ वंश संरक्षण सुरक्षा महा हस्ताक्षर अभियान और मोर गांव मोर पानी की मांग में शिवसेना चंतजमम संगठन की सफलता पर अपने उद्बोधन दिए।

बैठक में जिलाध्यक्ष विजय पारख सहित ललित रावत, जयप्रकाश चंद्राकर, बलराम साहू, चेतन साहू, हितेश पटेल, हर्ष शर्मा, अधिवक्ता बालमुकुंद अग्रवाल, ललिता देवांगन, शकुंतला देवांगन, कुमार हिरवानी, हेमंत शर्मा, डेविड सोनी ,चंदन सोनकर, शेखर देवांगन शिवसेना नेतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवसेना नेता ललित रावत एवं आभार प्रदर्शन हर्ष शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी ललित रावत ने दी।

# जिले के पंचायत प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में सीखा ड्रीम विलेज मॉडल

**बेहतर कार्य प्रणाली को अपने ग्राम पंचायत में लागू कर पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायतो को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सुशासित बनाने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप जिले के पंचायत प्रतिनिधि महाराष्ट्र राज्य में आयोजित परिवार मूलक ग्राम स्वराज यात्रा में शामिल हुए।

जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन बालोद एवं जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा अभ्युदय संस्थान अछोटी, जिला दुर्ग एवं मानवीय शिक्षा शोध संस्थान के तत्वाधान में 06 से 10 दिसंबर तक परिवार मूलक ग्राम स्वराज प्रशिक्षण शिविर एवं अध्ययन भ्रमण महाराष्ट्र में बालोद जिले के 16 सरपंच, उपसरपंच को शामिल हुउ।

उक्त अध्ययन भ्रमण यात्र में जिले के पंचायत प्रतिनिधियों को स्वदेश फाउंडेशन मुबंई द्वारा तैयार किये गए ड्रीम विलेज जिसके अंतर्गत त्रयंबकेश्वर तहसील के ग्राम निरगुड़े और ग्राम बीरनगर में संचालित स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, समृद्धि (उत्पादन), सृष्टि (प्रकृति के साथ पूरकता), सब्जियों की खेती, व्यवस्थित ऑगनबाडी, प्राथमिक पाठशाला, सुव्यवस्थित ग्राम पंचायत ऑफिस सहित विभिन्न गतिविधियों देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने बताया कि यह आपसी प्रेम और बढ़ती सामाजिकता की भावना, नशाबंदी की ओर बढ़ता समाज, आत्मविश्वास से भरपूर किसान और महिलाएं ये स्वदेश फाउंडेशन की सफलता को बयां करती है जो ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को प्रेरित करती है। इस अध्ययन भ्रमण यात्र में 08 से 10 दिसंबर तक आदर्श ग्राम हिवरे बाजार में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पद्मश्री पोपटराव पवार के द्वारा ग्राम पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने एवं परिवार मूलक ग्राम स्वराज के संबंध से ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। पवार ने इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उपमुख्यमंत्री महाराष्ट्र शासन द्वारा दूरभाष के माध्यम से उनको बधाई दी।

अध्ययन भ्रमण पर गए प्रतिभागी ग्राम पंचायत गुजरा की सरपंच पार्वती मंडावी, ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच पूनम साहू, ग्राम पंचायत कारूटोला के सरपंच तुलसीराम मरकाम एवं अन्य ग्रामों के पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त अध्ययन भ्रमण एवं प्रशिक्षण शिविर उनके कार्य क्षेत्र में बहुत ही उपयोगी साबित होगी। स्वदेश फाउंडेशन द्वारा तैयार किये गए ड्रीम विलेज में अपनाए जा रहे बेहतर कार्य प्रणाली को अपने ग्राम पंचायत में लागू कर ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने का भरसक प्रयास करेंगे।

इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने अध्ययन भ्रमण पर गए सरपंच पार्वती मंडावी से दूरभाष से चर्चा भी की। इस दौरान पार्वती मंडावी ने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम उनके लिए काफी उपयोगी एवं प्रभावी रहा। इसके साथ ही उन्होंने सभी पंचायत प्रतिभागियों की ओर से जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## लूट के फरार आरोपी को पुलिस ने छिंदवाड़ा से पकड़ा

**भिलाई।** पांच साल पहले लूट की वारदात में फरार आरोपी को पुलिस ने छिंदवाडा से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सड़क किनारे में अपनी बकरियों को चरा रहे वृद्ध को ऑटो सवार 4 युवकों ने मारपीट कर उनकी दो बकरियों को लूट कर ऑटो में डालकर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी सलीम खान उर्फ सोनू, आसिफ अली, संतोष कुमार साहू को पकड़ा गया था, लूटी की बकरियों को भी बरामद किया था। घटना के बाद से आरोपी अरमान खान ऑटो को लेकर फरार था। सूचना पर पुलिस ने लंबे अरसे से फरार आरोपी अरमान को एमपी के छिंदवाडा से पकड़कर भिलाई लाया गया। पुलगांव व चौकी प्रभारी अंजोरा के नेतृत्व में टीम बनाया गया था। टीम द्वारा उक्त आरोपी के ऑटो चलाने की जानकारी पर बस स्टैंड आदि स्थानों पर पतासाजी की गई। पकडे जाने पर अरमान से पूछताछ करने पर लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी पुलगांव अमित कुमार अंबानी, चौकी प्रभारी अंजोरा खेलन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक राकेश सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

**कोर्स अधूरा लेकिन शिक्षकों की शालाओं में अनुपस्थिति लगातार जारी**

# गिरहोला स्कूल में लटका मिला ताला सात स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में उच्चतर माध्यमिक शालाओं का कोर्स इतना पिछड़ा हुआ है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने एक्सट्रा क्लास लेकर पढ़ाई करवाने के आदेश दिए हैं। बोर्ड परीक्षाओं के कोर्स और तैयारी को लेकर इन दिनों जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा स्वयं औचक निरीक्षण कर रहे हैं तो पोल खुल रही है। स्कूलों में कई व्याख्याता ऐसे हैं कि न समय पर स्कूल पहुंच रहे हैं और न ही प्राचार्य स्कूल खुलवा रहे हैं। धमधा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सुबह 10.10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। सात और स्कूलों का निरीक्षण डीईओ ने किया। यहां आधा दर्जन व्याख्याता और दो लिपिक अनुपस्थिति मिले। संबंधित स्कूलों के प्राचार्य, व्याख्याता सहित गैरहाजिर लिपिकों को नोटिस दिया गया है और एक दिन का वेतन काटने की भी कार्रवाई की जा रही है।




### गिरहोला में अवकाश के बाद भी लगाते हैं हाजिरी

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला पहुंचे। सुबह 10.10 बजे इस स्कूल में ताला लटका मिला। जानकारी मिलने पर आनन-फानन में आकर स्टॉफ ने ताला खोला। जब यहां उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई तो पदस्थ कर्मचारियों का विभिन्न तिथियों के लिए दिये गये अवकाश आवेदन उपस्थिति पंजी ने दबे पाए गए। उपस्थिति पंजी अवलोकन करने पर उक्त तिथियों में अवकाश प्रविष्टि के बजाय पंजी में हस्ताक्षर पाये गए। इस अनियमितता के लिए संबंधित संस्था प्राचार्य और सभी गैरहाजिर व्याख्याताओं व कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है।

### सेमरिया स्कूल में भी अनुपस्थित मिला स्टॉफ

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के निरीक्षण दौरान रमेश कुमार ठाकुर व्याख्याता एल.बी. शालेय कार्य से अनुपस्थित पाए गए। रूपेन्द्र कुमार ठाकुर सहायक ग्रेड -3 शाला समय तक उपस्थित नहीं मिले। इस अनियमितता के लिए संबंधितों को नोटिस जारी किया गया है जवाब प्राप्ति उपरांत एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

### सेजस जामुल में चार व्याख्याता अनुपस्थित मिले

जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामुल पहुंचे। निरीक्षण दौरान प्रीतम बन्छोर, कविता पाण्डेय, वंदना शर्मा व्याख्याता और कविता प्राणिग्राही, व्याख्याता (संविदा) अनुपस्थित मिले। शाला समय तक अपने कार्य पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया है।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरूद का निरीक्षण दौरान राजेन्द्र कुमार मरकाम, सहायक ग्रेड-2 बिना पूर्व सूचना एवं आवेदन के कार्य से अनुपस्थित मिले।

**पेज 9 के शेष**

## किसान अपने खाते में बेच ...

जाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए राजस्व विभाग के गुलाबचंद मरकाम तथा जिला प्रशासन की ओर से पहुंचे डिप्टी कलेक्टर आशीष पेन्डरो ने धान की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की। निगरानी समिति रेंगाडबरी द्वारा माजदा में लाए गए 23 कट्टा मिश्रित एवं विभिन्न वैरायटी के धान को वापस कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि धान खरीदी केंद्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नाला में मिला शव ...

मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मर्ग क्रमांक 50/25 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया तथा शव को बाहर निकालकर पंचनामा तैयार किया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा बताए गए अनुसार मृतक की कद-काठी लगभग 5 फीट, रंग सावला, काले बाल, नीली जींस और फीका बैंगनी रंग का फुल शर्ट पहना हुआ है। चौकी पिनकापार पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के संबंध में जानकारी मिले जो इस विवरण से मेल खाता हो, तो तुरंत चौकी पिनकापार या नजदीकी थाने में सूचित करें, ताकि मृतक की पहचान की जा सके और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

### एलन मस्क जैसी दूरदर्शिता अपनाएं युवा

# शिल्पीग्राम किल्लेकोडा में हस्तशिल्प प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




वनांचल क्षेत्र के प्रसिद्ध शिल्पीग्राम के नाम से पहचाने जाने वाले ग्राम किल्लेकोडा में सोमवार को छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, दुर्ग द्वारा 30 प्रशिक्षार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली से पधारे सी. के. केहरी (प्रबंधक) ने उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य निर्भय भंडारी ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अशोक मिरी, प्रशिक्षक मनोज कुमार गंगबेर, छन्नू लाल भंडारी, नरसिंह और प्रेम उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा मां शारदे की विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि केहरी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर जीवन में आगे बढ़ना है, तो एलन मस्क जैसी दूरदर्शिता अपनाइए। छोटा व्यापार भी दृढ़ इच्छा शक्ति और निरंतर प्रयास से नई ऊचाइयां छू सकता है।

अध्यक्ष निर्भय भंडारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तम प्रशिक्षण लेने के बाद प्रशिक्षार्थी अधिक आय अर्जित कर स्वयं को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन राज्यपाल पुरस्कृत डॉ. बी. एल. साहसी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण छोटा हो या बड़ा, लाभ अवश्य देता है। आगामी तीन माह का यह प्रशिक्षण आप सभी के लिए उपयोगी और मार्गदर्शक सिद्ध होगा। मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं। अंत में छन्नू लाल भंडारी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। यह आयोजन ग्राम किल्लेकोडा के शिल्पी परंपरा को नई दिशा देने की ओर एक सार्थक कदम माना जा रहा है।

# भिलाई बचाओ समिति ने बीएसपी के नए नियमों पर जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



लीज और आवास से जुड़ी बढ़ती परेशानियों के बीच भिलाई बचाओ संयुक्त समिति की प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय से मुलाकात की। इस दौरान टाउनशिप के दुकानदारों की लीज समस्या, बीएसपी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिटेंशन केस, तृतीय पक्ष आवास धारकों को भेजे जा रहे किराया नोटिस और बीएसपी से राज्य शासन को सौंपे जाने वाली बिजली व्यवस्था जैसे कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सुरेश चंद, सुमन कन्नौजे और ज्ञानचंद जैन ने बताया कि कैसे प्रभावित लोगों को साथ जोड़कर समिति बनाई गई है। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने मंच के गठन का स्वागत करते हुए कहा कि शहर के आत्मसम्मान और लोगों की सुरक्षा पर किसी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने देर रात ही वरिष्ठ नेताओं से बात की और सबने मिलकर स्थानीय निवासियों की समस्याओं को गंभीरता से उठाने का भरोसा दिया। बैठक में यह भी तय हुआ कि कोई भी आवास धारक फिलहाल बीएसपी को किराया राशि नहीं देगा। समिति ने बताया कि इस हफ्ते के आखिरी दिनों में बीएसपी प्रबंधन के साथ एक बड़ी बैठक कराने पर भी सहमति बनी है। समिति का कहना है कि जब तक 1 दिसंबर 2025 से लागू होने वाले नियम वापस नहीं लिए जाते और लाइसेंस प्रक्रिया फिर से शुरू नहीं होती, तब तक बीएसपी को किसी भी तरह की कार्रवाई रोकनी होगी।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### जपं अध्यक्ष ने धान खरीदी केन्द्र मोखा का निरीक्षण किया

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने धान खरीदी केन्द्र मोखा में निरीक्षण किया तथा धान खरीदी का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान सुनीता संजय साहू ने समिति में आने वाले किसानों को धान खरीदी में सुविधा के साथ पानी, शौचालय तथा अन्य सुविधाओ का निरीक्षण किया तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से चर्चा की। इस दौरान सुनीता संजय साहू के साथ प्रबंधक साहू, संजय साहू, महेश्वर धुरव, राजेन्द्र साहू, उपसरपंच एवं किसान उपस्थित थे।

### हादसे में मृतक के परिजन को चार लाख की चेक वितरित



**दल्लीराजहरा।** 2 अक्टूबर 2021 को भी गांव कारूटोला में ऐसा ही दर्दनाक हादसा हुआ, जब विद्युत प्रदाय तंत्र के संपर्क में आने से दक्ष कुमार व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डूबा दिया। विभाग ने मृतक के उत्तराधिकारी संजू कुमार (निवासी-कारूटोला) को रु 4,00,000 की आर्थिक सहायता जिसे आज वितरण केन्द्र दल्लीराजहरा द्वारा विधिवत स्वीकृति मिल गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू और विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर सहित अन्य लोगों की उपस्थिति में चार लाख रुपए का चेक पीड़ित परिवार को दिया गया।

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी, पुलिस में शिकायत



**गुण्डरदेही।** 4 दिसंबर को शेखर सिंह रात्रे निलंबित फॉरेस्ट गार्ड बांकी मोंगरा जिला कोरबा द्वारा आदिवासी कंवर पैकरा समाज को इंस्टाग्राम मे सार्वजनिक रूप से अभद्र आपत्तिजनक व सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाले शब्द का प्रयोग किया गया है। जिससे कंवर समाज के प्रतिष्ठा पर ठेस पहुंची है। मंगलवार को गुण्डरदेही आदिवासी कंवर पैकरा समाज के पदाधिकारियो ने शेखर सिंह रात्रे के खिलाफ कानुनी कार्रवाई करने गुण्डरदेही थाना पहुंचकर लिखित मे शिकायत दर्ज कराई है। इस अवसर पर संरक्षक अर्जुन सिह ठाकुर, अध्यक्ष गोपेंद्र कंवर, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह ठाकुर, सचिव जवाहर लाल चंद्रवंशी रवि राय सहित समाज के महिलाए बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

## निधन

### महेशराम साहू



**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद (हल्दी) निवासी महेशराम साहू 87 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया है। उनकी अंत्योशठी कार्यक्रम में सामाजिक सहित ग्रामीण बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वे खेमलाल साहू व नेहरूराम साहू के पिता थे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8085026287, 9425559113
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा
रायपुर (छ.ग.)
9098595071, 8370049468

**प्रवचन :** श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर हुआ हवन यज्ञ भंडारे में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

# गीता सार गीता ही कृष्ण है, कृष्ण ही गीता है: संत श्री निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा







पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में आयोजित ग्राम पाऊवारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। भगवान के जयकारों और भक्ति-भाव के माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बताया कि यह आयोजन पिछले नौ दिनों से चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने आए। श्रीमद् भागवत कथा ने पूरे क्षेत्र को भक्ति और आनंदमय वातावरण से भर दिया। उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया।श्रद्धालुओं ने भगवान से अपने परिवार और समाज के कल्याण की प्रार्थना की। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक संत निरंजन महाराज जी ने कहा की महाभारत युद्ध में भी गीता जी का प्राकट्य हुआ कर्मयोग भक्ति योग ज्ञान योग का संदेश गीता में है।जीवन संग्राम में विजय पाने के लिए गीता माता के शरण में होना होगा। गीता के अठारह अध्याय में योगों वर्णन है।

योग का तात्पर्य हमें गीता से प्राप्त होता है। कालान्तर में बड़े-बड़े महाऋषि संत मिलकर तय किये विश्व का सबसे बड़ा दर्शन है गीता सबसे अधिक भाषाओ में अनुवादित है गीता धर्म को सदैव बड़ा मानने वाले पाण्डवों ने धर्म के पक्ष में खड़े होकर विजयी हुए धृतराष्ट को मोह और दुर्योधन की दूस्टिता महाभारत के युद्ध के कारण बना। धृतराष्ट्र नीति का कभी समर्थन नहीं किया।मोह और स्वार्थ से पीड़ित



व्यक्ति को नीति धर्म कभी अच्छा नही लगता अधर्म और अनीति पथ में चढ़ने वाले व्यक्ति सम्पन्न दिखता हैं लेकिन अन्दर से अशांत, भयभीत और असन्तुष्ट रहता है और सदा कमजोर रहता है। शुभाशुभ कर्म के फलस्वरुप व्यक्ति दुःख और सुख भोकता है जीवन मात्र के कर्मो के फल स्वरूप ही जीवन मिलता है। संत निरंजन महाराज जी ने कथा में आगे बताया की निरंतर फल की इच्छा रखने वाले स्वार्थ और मोह से ऊपर उठकर परमात्मा का चिन्तन करना चाहिए। श्रद्धा एवं भक्ति से जीवन जीकर फल लिए निश्चिंत रहना चाहिए। और निश्चित जीवन व्यतीत करना चाहिए। सांसारिक सुखों का मन से त्याग और व्यवहारिक जीवन आध्यात्म को स्थान देकर सुखमय जीवन व्यतीत कर सकते हैं। सामाजिक समरसता, स्नेह और सदभावना ही गीता जी का संदेश है युद्ध के मैदान में रहकर भी अर्जुन निर्भीक, निश्चीत और शांत रहे। जीवन रथ का बागडोर परमात्मा के हाथों में छोडकर सम्पूर्ण जीवन को रसमय बनाकर उत्साह पूर्वक जीवन जीयें यही गीता जी का संदेश है। विवेकानंद जी कहते थे निस्वार्थ है वह ही धर्म की कसौटी है जो जितना निस्वार्थी है वह उतना ही बड़ा धर्मत्मा है।इस भागवत कथा में समस्त ग्रामवासी, परिवार जनों सहित सैकड़ो संख्या में श्रोता गण मौजूद थे।

## कोड़ियां शाला के विद्यार्थीयों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम कोड़ियां स्थित पूर्व माध्यमिक शाला (वि.ख. दुर्ग) द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की शुरुआत की गई। शाला प्रबंधन ने कुल 82 विद्यार्थियों को मैत्री गार्डन के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाकर बच्चों को प्रकृति और वन्य जीवों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न वन्य जीवों, खूबसूरत उद्यान, तथा वोटिंग का रोमांचक अनुभव लिया। बच्चे पूरे समय उत्साहित और आनंदित दिखाई दिए। इस कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच खुमान निषाद स्वयं उपस्थित रहे और बच्चों का हौसला बढ़ाया। मैत्री गार्डन प्रबंधन के विशेष सहयोग से ही सभी विद्यार्थियों के लिए वोटिंग की व्यवस्था संभव हो पाई। शाला की ओर से बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया गया, वहीं कई बच्चे अपने घरों से अलग–अलग व्यंजन बनवाकर लेकर आए थे, जिससे वातावरण और भी आनंदमय बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठिका सुधा राय, शिक्षक रंगारी, रश्मि मेहता, सुरेश देवांगन, तथा संकुल समन्वयक जागेश्वरी वर्मा का विशेष सहयोग रहा। शाला स्टाफ ने ग्राम के पालकों को आश्वस्त किया कि हर वर्ष बच्चों के लिए ऐसे मनोरंजक और शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों का ज्ञान और अनुभव दोनों बढ़ सकें।

## शाला बैहाकुआं में न्योता भोज कराया गया

**डौंडीलोहारा।** शास.प्राथमिक शाला बैहाकुंआ में बुधवार को एक सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायी पहल देखने को मिली, शाला प्रबंधन समिति की उपाध्यक्ष सीमा तारेंद्र खोब्रागडे ने अपने पुत्र के जन्मदिन के अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार को न्यौताभोज का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को खीर, पूरी और परोसा गया। बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी और उत्साह इस बात का प्रमाण था कि यह आयोजन उनके लिए विशेष और यादगार बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा बच्चों को अनुशासनपूर्वक पंक्तिबद्ध कर भोजन वितरण से हुई। भोजन के दौरान बच्चों को स्वच्छता, साझा भावना और आभार प्रकट करने जैसी मानवीय मूल्यों की सीख भी दी गई। जनता और अभिभावकों की सहभागिता से आयोजित ऐसे कार्यक्रम विद्यालय और समुदाय के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक आर. एल. लारेंद्र, शिक्षिका बी. पटेल, संकुल समन्वयक अशोक टंडन, सीमा खोब्रागडे, तारेंद्र खोब्रागडे तथा मेनका और संजना खोब्रागडे उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने इस सामाजिक पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में उत्साह का संचार करते हैं, बल्कि सामुदायिक सहयोग को भी मजबूत बनाते हैं।



## भाजपा युवा नेता सुरेश ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूजःअंडा



भाजपा नेता सुरेश कुमार साहू जनसेवक ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम में धान खरीदी का निरीक्षण किया गया व धान खरीदी का जायजा लिया तथा किसानों के समस्या से रूबरू हुआ, वर्तमान समय में समिति द्वारा 1307 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी किया जा रहा है। सेवा सहकारी निकुम में प्रतिदिन 2000 क्विंटल धान खरीदी की व्यवस्था है, किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए व समिति की व्यवस्था को देखते हुए सुरेश साहू ने शासन प्रशासन को धान खरीदी की मात्रा को बढ़ाने 2000 क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी करने की मांग रखी है, जिससे किसानों को धान बेचने में हो रही समस्या से निजात मिलेगा। सुरेश साहू ने कहा सरकार किसानों के साथ है बहुत जल्द समस्या का समाधान होगा, भाजपा सरकार किसानों की आय दुगनी करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों के जीवन स्तर में बहुत अच्छा सुधार हुआ है, सरकार द्वारा किसानों को 5 एचपी मोटर पंप तक मुक्त बिजली बिल किया है, किसान समृद्धि योजना से किसानों को कृषि उपकरण सिंचाई व अन्य उपकरण में सब्सिडी दिया जा रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि व समर्थन मूल्य में धान की खरीदी कर एकमुश्त राशि दिया जा रहा है। उपस्थित गण माधव प्रसाद देशमुख पूर्व जिला पंचायत सदस्य भागवत पटेल सरपंच, भैया लाल साहू अध्यक्ष,भीमु देशमुख ,तामेश्वर साहू, अशोक साहू अन्य किसान उपस्थित थे।

## नगर पंचायत पलारी में 29 लाभार्थियों को मिली प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 की स्वीकृति

### 29 परिवारों को मिला आवास स्वीकृति पत्र, आवास निर्माण की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत पलारी के 29 लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत स्वीकृति मिली। नगर पंचायत द्वारा भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। नगर पंचायत बनने के बाद पलारी पहली बार इसका सीधा लाभ पलारी के नागरिकों को मिल रहा है।

भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रलय द्वारा 1 सितंबर 2024 से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना – शहरी 2.0 अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग के हितग्राहियों को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत पलारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी 2.0 के





तहत पात्र हितग्राहियों को अपने स्वयं की भूमि पर आवास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिनांक 6 दिसंबर को भवन अनुज्ञा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे 29 हितग्राहियों के लिए नवीन भवन निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र एवं भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया है। नगर पंचायत पलारी में सक्रिय भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी 2.0 अंतर्गत भवन अनुज्ञा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नगर वासियों को आवास निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अनुमति एवं समय पर सहायता को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम संपादित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर के नागरिक लखनलाल गुरुपंच, राजेश सोनबेर, यानेश साहू, पूर्णेश्वर साहू, डामन साहू, आशाराम जयमाला, मनीष साहू सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश कुमार साहूएवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## धनेली के दो बेटे बने अग्निवीर, गांव में ढोल-नगाड़ों और जयघोष से हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम धनेली के लिए रविवार का दिन बेहद यादगार बन गया। जब गांव के दो बेटे अग्निवीर बनकर राहुल सोनवानी और ओमदीप साहू 7 माह का कठिन प्रशिक्षण लेकर पहली बार घर लौटे, जवानों का गांव में प्रवेश करते ही पूरा माहौल देशभक्ति के रंग में डूब गया, ढोल नगाड़े की थाप में देशभक्ति की गीतों की धुन पटाखे और भारत माता की जय, तिरंगे झण्डे की जय से आसमान गूंज उठा ग्रामीणों ने अग्नि वीर ओमदीप साहू और राहुल सोनवानी का स्वागत कर उन्हें सम्मान दिया।

अपने सपुतों को देख उसके माता–पिता की आंखों में खुशी से आंसू छलक पड़े, बेटा को वर्दी में देखकर पूरा परिवार और गांव के समस्त ग्रामवासी भावुक हो उठे, गांव के युवा जवान और कर्मचारी प्रकोष्ठ धनेली के सदस्यगण भी स्वागत के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। इस अवसर पर ग्रामीण साहू सदन के पास एक स्वागत सम्मान समारोह किया गया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के छात्रओं के द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। सभा को सेवा निवृत प्रधान पाठक केआर साहू, लीला राम सार्वा एवं चमन लाल बनपेला ने संबोधित किया। गली भ्रमण के दौरान उन जवानों का महिलाओं के द्वारा फूल बरसा कर एवं आरती उतार कर एवं श्रीफल दे कर स्वागत किया गया तथा भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय आदिजैसे देशभक्ति नारों के साथ स्वागत करने लगे। समारोह मे अंग्रेजी के व्याख्याता शेष लाल साहू के पदोन्नति पश्चात प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनेरी बनने पर कर्मचारी प्रकोष्ठ धनेली के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारी प्रकोष्ठ के धनेली के पदाधिकारी एवं समस्त सदस्य गण और ग्राम धनेली नागरिक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### रसोइया संघ की 29 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

**बालोद।** छ.ग. मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ जिला बालोद की बैठक गंगा मईया झलमला में रखा गया। जिसमे प्रदेश स्तरीय हड़ताल अनिश्चित कालीन 29 दिसंबर से तुता नया रायपुर में रखा गया है। जिसकी जिला मे तैयारी के लिए जिला के ब्लाको में 14 दिसंबर को बैठक रखा गया है। जिसमें बालोद में कबीर भवन शिकारीपारा बालोद के साथ गुण्डरदेही, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में स्थानीय जगहो में बैठक रखा गया है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

## कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर प्रेसवार्ता ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य, जिला स्तरीय युवा उत्सव, सांसद खेल महोत्सव, बालोद टेक्नोफेस्ट, ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल अंतर्गत फसल चक्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला पंचायत कार्यालय बालोद का डिजिटलाईजेशन, आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति, मिशन गोद विषय पर आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में मासिक प्रेस वार्ता लेकर बालोद जिले में उक्त सभी योजनाओं की अद्यतन स्थिति तथा कार्यों एवं योजनाओं के प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411